Number of Pages in Booklet : **32**
पुस्तिका में पृष्ठों की संख्या
Number of Questions in Booklet : **70**
पुस्तिका में प्रश्नों की संख्या

Serial No. of Booklet
पुस्तिका क्रमांक

| 091015 |
|---|

# ABST

## Subject Code/विषय कोड : 09

Roll No. of Candidate/अभ्यर्थी का अनुक्रमांक : ..........................................................................

OMR Serial Number/ओ.एम.आर. क्रमांक : ..........................................................................

Signature of Candidate/अभ्यर्थी के हस्ताक्षर : ..........................................................................

Date of Examination/परीक्षा तिथि : ..........................................................................

Signature of Invigilator/वीक्षक के हस्ताक्षर : ..........................................................................

Time/समय : **75** Minutes/मिनिट्स

Maximum Marks/पूर्णांक : **70**

### Instructions

1. Answer *all* questions.
2. *All* questions carry equal marks.
3. In this booklet, the questions from serial no. **1** to serial no. **10** are related to general aptitude while questions from serial no. **11** to serial no. **70** are subject specific.
4. Each question has four alternatives marked as (a), (b), (c), (d).
5. Choose only one alternative as an answer of a question.
6. If more than one answer is marked, then it will be treated as wrong answer.
7. Candidate has to darken only one circle indicating the correct answer on the answer sheet by using **BLUE BALL POINT PEN**.
8. There is no provision of **Negative marking**.
9. Carrying Mobile phone in the examination hall is strictly prohibited. If any objectionable material is also found then action will be taken as per University norms.
10. Please fill your Roll No. and other information carefully on OMR sheet. In case of any mistake on OMR sheet, candidate will be responsible.
11. If there is any difference between English and Hindi version of questions, then English version shall be correct.

### निर्देश

1. **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिये ।
2. **सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं ।
3. इस प्रश्न पुस्तिका में क्रमांक **1** से क्रमांक **10** तक के प्रश्न सामान्य अभिवृत्ति के तथा क्रमांक **11** से क्रमांक **70** तक के प्रश्न विषय केन्द्रित हैं ।
4. प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर हैं जिन्हें क्रमशः (अ), (ब), (स), (द) से अंकित किया गया है ।
5. प्रत्येक प्रश्न का केवल एक विकल्प उत्तर के रूप में चुनिये ।
6. एक से अधिक उत्तर देने की दशा में प्रश्न का उत्तर गलत माना जाएगा ।
7. अभ्यर्थी को सही उत्तर हेतु केवल एक गोले को उत्तर पुस्तिका पर **नीले बॉल प्वाइंट पेन** से गहरा करना है ।
8. **नकारात्मक अंक** प्रदान करने का कोई प्रावधान नहीं है ।
9. मोबाइल फोन का परीक्षा हॉल में लाना पूर्णतया निषिद्ध है । साथ ही कोई भी अन्य वर्जित सामग्री मिलने पर विश्वविद्यालय के नियमानुसार कार्यवाही होगी ।
10. अभ्यर्थी अपना रोल नम्बर एवं अन्य जानकारियाँ ओ.एम.आर. शीट पर सावधानी से भरें । ओ.एम.आर. शीट पर कोई भी त्रुटि होने पर उसका पूर्ण दायित्व अभ्यर्थी का होगा ।
11. यदि प्रश्नों के हिंदी और अंग्रेजी रूपान्तरणों के मध्य किसी प्रकार का फर्क पाया जाता है, तब अंग्रेजी रूपान्तरण को ही सही माना जाएगा ।

SEAL

**Space for Rough Work**
**कच्चे कार्य के लिए स्थान**

1. Fill in blank in the given sentence so as to make sense. Select the correct word from the answer choices.

Every teacher and every student should do..................duty.

(a) their

(b) ones

(c) his

(d) none of the above

2. A word has been written in four different ways out of which only one is correctly spelt. Find the correctly spelt word :

(a) Aproached

(b) Apraoched

(c) Appraoched

(d) Approached

1. नीचे दिये गये वाक्य में रिक्त स्थान भरिये ताकि वाक्य अर्थपूर्ण बने। निम्नलिखित में से इस हेतु उपयुक्त चुनाव कीजिए :

Every teacher and every student should do..................duty.

(अ) their

(ब) ones

(स) his

(द) उपर्युक्त में से कोई नहीं

2. एक शब्द को नीचे चार भिन्न तरीकों से लिखा गया है। इनमें से एक की स्पेलिंग ही सही है। सही स्पेलिंग वाले शब्द का चुनाव कीजिए :

(अ) Aproached

(ब) Apraoched

(स) Appraoched

(द) Approached

3. Out of the four alternatives, choose the one which best expresses the meaning of the given word :

DEAR :

(a) Due

(b) Close

(c) Costly

(d) Young

4. Sita is the avatar of which spouse of Vishnu ?

(a) Krishna

(b) Lakshmi

(c) Durga

(d) Kali

5. Wankhede Stadium is situated in (India) :

(a) Chennai

(b) Delhi

(c) Chandigarh

(d) Mumbai

3. नीचे दिये गये चार विकल्पों में से उस विकल्प को चुनिये जो दिये गये शब्द का सबसे उपयुक्त उत्तर है :

DEAR :

(अ) Due

(ब) Close

(स) Costly

(द) Young

4. सीता विष्णु की किस अर्द्धांगिनी का अवतार हैं ?

(अ) कृष्णा

(ब) लक्ष्मी

(स) दुर्गा

(द) काली

5. भारत में वानखेड़े स्टेडियम कहाँ स्थित है ?

(अ) चेन्नई

(ब) दिल्ली

(स) चण्डीगढ़

(द) मुम्बई

6. Who was known as Iron man of India ?

(a) Govind Ballabh Pant

(b) Jawaharlal Nehru

(c) Subhas Chandra Bose

(d) Sardar Vallabhbhai Patel

7. A man earns Rs. 4,000 in a month and saves 30% of his income. What is his expenditure in a year ?

(a) Rs. 28,600

(b) Rs. 18,400

(c) Rs. 32,000

(d) None of the above

8. $12.05 \times 5.4 \div .06 = ?$

(a) 108.45

(b) 180.45

(c) 108.54

(d) 180.54

6. निम्नलिखित में से कौन भारत के लौह पुरुष के रूप में जाना जाता था ?

(अ) गोविंद बल्लभ पंत

(ब) जवाहर लाल नेहरू

(स) सुभाष चन्द्र बोस

(द) सरदार वल्लभ भाई पटेल

7. एक व्यक्ति एक माह में 4,000 रु. कमाता है और इस आय का 30 प्रतिशत बचाता है। एक वर्ष का व्यय क्या है ?

(अ) 28,600 रु.

(ब) 18,400 रु.

(स) 32,000 रु.

(द) उपर्युक्त में से कोई नहीं

8. $12.05 \times 5.4 \div .06 = ?$

(अ) 108.45

(ब) 180.45

(स) 108.54

(द) 180.54

9. Complete the series from the given alternatives :

1, 2, 3, 6, 9, 18, ......., 54.

(a) 18

(b) 27

(c) 26

(d) 81

10. Four words have been given, out of which three are alike in some manner and the fourth one is different. Choose out the odd one :

(a) Carrot

(b) Potato

(c) Ginger

(d) Cabbage

11. Accounting principles are generally based on :

(a) Objectivity

(b) Subjectivity

(c) Convenience in recording

(d) None of the above

9. दिये गये विकल्पों में से किसी एक को चुनकर श्रेणी को पूरा कीजिए :

1, 2, 3, 6, 9, 18, ......., 54.

(अ) 18

(ब) 27

(स) 26

(द) 81

10. दिये गये चार विकल्पों में से तीन शब्द किसी आधार पर समान हैं और चौथा भिन्न है। उस भिन्न शब्द को चुनिये :

(अ) Carrot

(ब) Potato

(स) Ginger

(द) Cabbage

11. लेखांकन सिद्धान्त सामान्यतया आधारित होते हैं :

(अ) वस्तुपरकता पर

(ब) व्यक्तिपरकता पर

(स) दर्ज करने में सुविधा पर

(द) उपर्युक्त में से कोई नहीं

12. The system of recording transactions based on dual aspect is called :

(a) Double Account System

(b) Double Entry System

(c) Cash System

(d) Single Entry System

13. How many accounting standards have been issued upto 31st March, 2012 by the Institute of Chartered Accountants of India ?

(a) 29

(b) 30

(c) 31

(d) 32

14. If closing stock is Rs. 1,06,800, cost of goods sold Rs. 1,50,000, gross profit Rs. 10,000 and purchases Rs. 1,64,000, then what will be the amount of opening stock ?

(a) Rs. 92,800

(b) Rs. 82,800

(c) Rs. 1,20,800

(d) Rs. 1,10,800

12. द्वि-पक्ष पर आधारित लेन-देनों को दर्ज करने की प्रणाली कहलाती है :

(अ) दोहरा खाता प्रणाली

(ब) दोहरा लेखा प्रणाली

(स) रोकड़ प्रणाली

(द) इकहरा लेखा प्रणाली

13. भारत के चार्टर्ड लेखापाल इन्स्टीट्यूट के द्वारा 31 मार्च, 2012 तक कितने लेखा मानक जारी किये जा चुके हैं ?

(अ) 29

(ब) 30

(स) 31

(द) 32

14. यदि अन्तिम स्कन्ध 1,06,800 रु., बेचे गये माल की लागत 1,50,000 रु., सकल लाभ 10,000 रु. एवं क्रय 1,64,000 रु. हो, तो प्रारम्भिक स्कन्ध की राशि क्या होगी ?

(अ) 92,800 रु.

(ब) 82,800 रु.

(स) 1,20,800 रु.

(द) 1,10,800 रु.

15. Goodwill is :

(a) Wasting asset

(b) Current asset

(c) Fictitious asset

(d) Intangible asset

16. Uncalled amount of shares which can be called only at the time of company's liquidation is called :

(a) Paid up capital

(b) Called up capital

(c) Authorized capital

(d) Reserve capital

17. Share capital account is debited in the forfeited entry :

(a) With the calls in arrear

(b) With the uncalled amount on shares

(c) With the paid up amount on shares

(d) With the called up amount on shares

15. ख्याति है :

(अ) खराब होने वाली सम्पत्ति

(ब) चालू सम्पत्ति

(स) कृत्रिम सम्पत्ति

(द) अमूर्त सम्पत्ति

16. अंशों पर अयाचित राशि जिसे केवल कम्पनी के समापन पर ही माँगा जा सकता है, कहलाती है :

(अ) प्रदत्त पूँजी

(ब) याचित पूँजी

(स) अधिकृत पूँजी

(द) संचित पूँजी

17. हरण की प्रविष्टि में अंश पूँजी खाता डेबिट किया जाता है :

(अ) बकाया माँग राशि से

(ब) अंशों पर अयाचित राशि से

(स) अंशों पर प्रदत्त राशि से

(द) अंशों पर याचित राशि से

18. Debenture premium *cannot* be used to :

(a) Write off the premium on redemption of shares or debentures

(b) Write off the discount on issue of shares or debentures

(c) Pay dividends

(d) Write of capital loss

19. Standard Deviation is affected by :

(a) Change of Scale

(b) Change of origin

(c) Both of the above

(d) None of the above

20. Capital redemption reserve can be created by using :

(a) General reserve

(b) Capital reserve

(c) Securities premium

(d) Profit on reissue of forfeited shares

18. ऋणपत्र प्रीमियम का उपयोग **नहीं** किया जा सकता :

(अ) अंशों या ऋणपत्रों के शोधन पर प्रीमियम को अपलिखित करने में

(ब) अंशों या ऋणपत्रों के निर्गमन पर बट्टे को अपलिखित करने में

(स) लाभांश चुकाने में

(द) पूँजीगत हानियों को अपलिखित करने में

19. प्रमाप विचलन प्रभावित होता है :

(अ) पैमाना परिवर्तन से

(ब) मूल बिन्दु परिवर्तन से

(स) उपर्युक्त दोनों से

(द) उपर्युक्त में से कोई नहीं

20. पूँजी शोधन संचय उत्पन्न किया जा सकता है :

(अ) सामान्य संचय से

(ब) पूँजी संचय से

(स) प्रतिभूति प्रीमियम से

(द) हरण किये गये अंशों के पुनर्निर्गमन पर लाभ से

21. Which of the following can be utilized for redemption of preference shares ?

(a) The proceeds of fresh issue of equity shares

(b) The proceeds of issue of debentures

(c) The sale proceeds of investments

(d) All of the above

22. Number of rooms in a house is a :

(a) discrete variable

(b) continuous variable

(c) constant

(d) all of the above

23. For a Moderately skewed distribution, which of the following relationship holds ?

(a) Mean – Mode = 3 (Mean – Median)

(b) Median – Mode = 3 (Mean – Median)

(c) Mean – Median = 3 (Mean – Mode)

(d) Mean – Median = 3 (Median – Mode)

21. निम्नलिखित में से कौनसी पूर्वाधिकार अंशों के शोधन में प्रयुक्त की जा सकती है ?

(अ) नये ईक्विटी अंशों के निर्गमन से प्राप्त राशि

(ब) ऋणपत्रों के निर्गमन से प्राप्त राशि

(स) विनियोग के विक्रय से प्राप्त राशि

(द) उपर्युक्त सभी

22. एक घर में कमरों की संख्या :

(अ) एक खण्डित चर है

(ब) एक सतत् चर है

(स) एक स्थिरांक है

(द) उपर्युक्त सभी

23. एक सामान्य विषमित बंटन की दशा में निम्न में से कौनसा संबंध पाया जाता है ?

(अ) माध्य – बहुलक = 3 (माध्य – मध्यका)

(ब) मध्यका – बहुलक = 3 (माध्य – मध्यका)

(स) माध्य – मध्यका = 3 (माध्य – बहुलक)

(द) माध्य – मध्यका = 3 (मध्यका – बहुलक)

24. Given the following grouped frequency table, the median class interval is :

| Marks | No. of Students |
|---|---|
| 0–10 | 1 |
| 10–20 | 3 |
| 20–30 | 3 |
| 30–40 | 13 |
| 40–50 | 5 |
| | 25 |

(a) 0–10

(b) 10–20

(c) 20–30

(d) 30–40

25. Range of middle 50 per cent can be calculated by :

(a) $Q_3 - Q_1$

(b) $P_{75} - P_{25}$

(c) Both of the above

(d) None of the above

24. निम्नलिखित समूहित आवृत्ति सारणी में मध्यका वर्गान्तर है :

| अंक | विद्यार्थियों की संख्या |
|---|---|
| 0–10 | 1 |
| 10–20 | 3 |
| 20–30 | 3 |
| 30–40 | 13 |
| 40–50 | 5 |
| | 25 |

(अ) 0–10

(ब) 10–20

(स) 20–30

(द) 30–40

25. मध्य के 50 प्रतिशत विस्तार की गणना की जा सकती है :

(अ) $Q_3 - Q_1$

(ब) $P_{75} - P_{25}$

(स) उपर्युक्त दोनों

(द) उपर्युक्त में से कोई नहीं

26. Which of the following are *not* allowable under section 37 of the I.T. Act, 1961 ?

(a) Capital Expenditure

(b) Personal expenditure

(c) Advertisement in souvenir of a political party

(d) All of the above

27. This is a relative measure of dispersion :

(a) Mean Deviation

(b) Standard Deviation

(c) Semi-inter Quartile Range

(d) Coefficient of Quartile Deviation

28. The characteristics of an absolute measure include :

(a) Uncomparable with the unit of measurement

(b) Comparable with the unit of measurement

(c) Comparable without the unit of measurement

(d) Uncomparable without the unit of measurement

26. निम्न में से कौनसी मद आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 37 के अन्तर्गत मान्य **नहीं** है ?

(अ) पूँजीगत खर्चे

(ब) व्यक्तिगत खर्चे

(स) किसी राजनैतिक दल की स्मारिका में विज्ञापन

(द) उपर्युक्त सभी

27. यह अपकिरण की सापेक्ष माप है :

(अ) माध्य विचलन

(ब) प्रमाप विचलन

(स) अर्द्ध-अन्तर चतुर्थक विस्तार

(द) चतुर्थक विचलन गुणांक

28. निरपेक्ष माप की विशेषताओं में सम्मिलित है :

(अ) अतुलनीय तथा माप की इकाई सहित

(ब) तुलनीय तथा माप की इकाई सहित

(स) तुलनीय तथा माप की इकाई रहित

(द) अतुलनीय तथा माप की इकाई रहित

29. This is *not* one of the measurement of dispersion :

(a) Mean Deviation

(b) Range

(c) Coefficient of Variance

(d) Coefficient of Skeweness

30. The correlation between price and demand would be :

(a) Zero

(b) Positive

(c) Negative

(d) None of the above

31. Two regression lines are identical if $r$ is equal to :

(a) +1

(b) –1

(c) ±1

(d) 0

29. यह एक अपकिरण की माप नहीं है :

(अ) माध्य विचलन

(ब) विस्तार

(स) विचरण गुणांक

(द) विषमता गुणांक

30. मूल्य तथा माँग के मध्य सहसंबंध होगा :

(अ) शून्य

(ब) धनात्मक

(स) ऋणात्मक

(द) उपर्युक्त में से कोई नहीं

31. दो प्रतीपगमन समीकरण समान होते हैं यदि सहसंबंध गुणांक ($r$) है :

(अ) +1

(ब) –1

(स) ±1

(द) 0

32. Hari sold a property on 15-03-2011 for Rs. 10,00,000. The property was received by him as gift from his grandmother on his birthday on 2-03-2010. The property was purchased by his grandmother on 15-04-2005 for Rs. 5,00,000, if the cost inflation index for the F.Y. 2005-2006 to 2011-12 were respectively 497, 519, 551, 582, 632, 711 and 785 respectively the capital gains for the assessment year 2008-09 will be :

(a) Rs. 5,00,000

(b) Rs. 4,45,674

(c) Rs. 4,69,171

(d) Rs. 4,71,869

33. The block of assets in respect of claim of depreciation means :

(a) Assets having same cost of acquisition

(b) Assets having same prescribed rate of depreciation

(c) Assets kept in the same block of factory building

(d) Assets of an undertaking engaged in generation and distribution of power

32. 15-03-2011 को हरि ने सम्पत्ति को 10,00,000 रु. में बेचा। उसे यह सम्पत्ति 2-03-2010 को जन्मदिन पर उसकी दादी से उपहार के रूप में प्राप्त हुई थी। 15-04-2005 को यह संपत्ति उसकी दादी द्वारा 5,00,000 रु. में खरीदी गयी थी। यदि वित्तीय वर्ष 2005-2006 से 2011-12 के लिए मूल्य सूचकांक क्रमशः 497, 519, 551, 582, 632, 711 तथा 785 था, तो निर्धारण वर्ष 2008-09 के लिए पूँजीगत लाभ होंगे :

(अ) 5,00,000 रु.

(ब) 4,45,674 रु.

(स) 4,69,171 रु.

(द) 4,71,869 रु.

33. ह्रास के दावे के संबंध में सम्पत्तियों के समूह से तात्पर्य है :

(अ) एकसमान अधिगृहीत लागत की सम्पत्तियाँ

(ब) ह्रास के लिए निर्धारित समान दर वाली सम्पत्तियाँ

(स) कारखाना भवन के एक ही ब्लाक में रखी गई सम्पत्तियाँ

(द) विद्युत् के उत्पादन तथा वितरण में लगे किसी उपक्रम की सम्पत्तियाँ

34. Which of these incomes is added to total income for determining only the rate of taxation but the income itself is exempt from taxation ?

(a) Long Term Capital Gain

(b) Dividend

(c) Share of partner from firm

(d) Agriculture Income

35. A Tea Estate owner grows tea leaves in his garden and processes these tea leaves in a tea manufacturing unit in the same Tea Estate and finally sells the manufactured tea in the market and earns a net profit of Rs. 10 lakh. The taxable business profit of the Tea Estate owner is :

(a) Nil

(b) Rs. 10 lakh

(c) Rs. 4 lakh

(d) Rs. 6 lakh

34. कराधान की दरें निर्धारित करते समय निम्न में से कौनसी आयों को कुल आय में जोड़ा जाता है जबकि वह आय स्वयं कराधान से मुक्त है ?

(अ) दीर्घावधि पूँजी लाभ

(ब) लाभांश

(स) फर्म के साझेदार का हिस्सा

(द) कृषि आय

35. एक टी एस्टेट का स्वामी अपने बागान में चाय की पत्तियाँ उगाता है और उन्हें टी एस्टेट में स्थित विनिर्माण इकाई में प्रसंस्करण करके निर्मित चाय को बाजार में बेचता है और 10 लाख रु. का शुद्ध लाभ अर्जित करता है। टी एस्टेट स्वामी का कर-योग्य व्यापारिक लाभ है :

(अ) शून्य

(ब) 10 लाख रु.

(स) 4 लाख रु.

(द) 6 लाख रु.

36. The base year of the Cost Inflation Index is :

(a) F.Y. 1979-80

(b) F.Y. 1980-81

(c) F.Y. 1981-82

(d) F.Y. 1982-83

37. The cost of bonus shares for the purpose of calculation of capital gain for the A.Y. 2012-13 will be taken at :

(a) The average cost price of the original shares purchased

(b) The market price of the shares on the date of allotment of bonus share

(c) The cost price of the bonus share will be taken as nil

(d) The cost price of the bonus share will be taken at 50% of the market price of the shares on the date of allotment of bonus shares

36. लागत स्फीति सूचकांक का आधार वर्ष है :

(अ) वित्तीय वर्ष 1979-80

(ब) वित्तीय वर्ष 1980-81

(स) वित्तीय वर्ष 1981-82

(द) वित्तीय वर्ष 1982-83

37. निर्धारण वर्ष 2012-13 के लिए पूँजीगत लाभ की गणना के उद्देश्य के लिए बोनस शेयरों की लागत आएगी :

(अ) खरीदे गये मूल शेयरों की औसत लागत आएगी

(ब) बोनस शेयरों के आबंटन की तारीख पर शेयरों का बाजार मूल्य

(स) बोनस शेयरों का लागत मूल्य शून्य लिया जाएगा

(द) बोनस शेयरों का लागत मूल्य बोनस शेयरों के आबंटन की तारीख पर शेयरों के बाजार मूल्य का 50% लिया जाएगा

38. After TDS is deducted, the government deductor should deposit the tax under Rule 30 within :

(a) One month

(b) 31st of March

(c) One week

(d) Same day

39. For Assessment Year 2012-13, the aggregate amount of deduction u/s 80C, 80CCC and 80CCD should not exceed :

(a) Rs. 1,00,000

(b) Rs. 1,50,000

(c) Rs. 1,20,000

(d) Rs. 70,000

38. नियम 30 के अंतर्गत टीडीएस काटने के बाद एक सरकारी कटौतीकर्ता को कितने दिनों के भीतर कर जमा करना होगा ?

(अ) एक महीना

(ब) 31 मार्च

(स) एक सप्ताह

(द) उसी दिन

39. निर्धारण वर्ष 2012-13 के लिए धारा 80सी, 80सीसीसी तथा 80सीसीडी के अंतर्गत संकलित राशि निम्न से अधिक नहीं होनी चाहिए :

(अ) 1,00,000 रु.

(ब) 1,50,000 रु.

(स) 1,20,000 रु.

(द) 70,000 रु.

40. What will be material turnover ratio from the following information ?

| | | |
|---|---|---|
| (*i*) | Opening Stock | Rs. 25,000 |
| (*ii*) | Closing Stock | Rs. 15,000 |
| (*iii*) | Purchases | Rs. 1,90,000 |

(a) 7 times

(b) 10 times

(c) 12 times

(d) 15 times

40. निम्न सूचनाओं के आधार पर सामग्री आवर्त अनुपात क्या होगा ?

| | | |
|---|---|---|
| (*i*) | प्रारम्भिक स्कन्ध | 25,000 रु. |
| (*ii*) | अन्तिम स्कन्ध | 15,000 रु. |
| (*iii*) | क्रय | 1,90,000 रु. |

(अ) 7 गुना

(ब) 10 गुना

(स) 12 गुना

(द) 15 गुना

41. Long-term capital gain is taxable at :

(a) 30%

(b) 20%

(c) 15%

(d) Nil

41. दीर्घकालीन पूँजी लाभ कर-योग्य है :

(अ) 30%

(ब) 20%

(स) 15%

(द) शून्य

42. Overhead at two level of production are as under :

| Total Overhead (Rs.) | Volume of Production (Units) |
|---|---|
| 12,200 | 900 |
| 15,400 | 1,300 |

What will be total fixed overhead ?

(a) Rs. 8,000

(b) Rs. 8 per unit

(c) Rs. 5,000

(d) None of the above

42. उत्पादन के दो स्तर के लिए कुल उपरिव्यय निम्नलिखित प्रकार से हैं :

| कुल उपरिव्यय (रु.) | उत्पादन (यूनिट्स) |
|---|---|
| 12,200 | 900 |
| 15,400 | 1,300 |

कुल स्थिर उपरिव्यय क्या होंगे ?

(अ) 8,000 रु.

(ब) 8 रु. प्रति इकाई

(स) 5,000 रु.

(द) उपर्युक्त में से कोई नहीं

43. Valuation of "Uncertified Work" is done under contract costing :

(a) On the basis of cost of material

(b) On the basis of contract price

(c) On the basis of cost

(d) None of the above

43. ठेका लागत निर्धारण में "अप्रमाणित कार्य" का मूल्यांकन किया जाता है :

(अ) सामग्री की लागत के आधार पर

(ब) ठेका मूल्य के आधार पर

(स) लागत के आधार पर

(द) उपर्युक्त में से कोई नहीं

44. If prime cost is Rs. 25,000, works cost is Rs. 40,000 and office overheads are $66\frac{2}{3}\%$ of the factory overheads, then what would be the cost of production ?

(a) Rs. 50,000

(b) Rs. 60,000

(c) Rs. 65,000

(d) Rs. 80,000

45. Contract Price of an incomplete contract is Rs. 1,50,000; Certified work is Rs. 1,20,000 and Notional Profit is Rs. 45,000. 80% of the certified work has been received in cash. In this situation what will be the amount of profit which is to be credited to Profit and Loss a/c ?

(a) Rs. 18,500

(b) Rs. 21,000

(c) Rs. 24,000

(d) Rs. 39,450

44. यदि मूल लागत 25,000 रु. है तथा कारखाना लागत 40,000 रु. है और कार्यालय उपरिव्यय कारखाना उपरिव्यय का $66\frac{2}{3}\%$ है, तो उत्पादन लागत क्या होगी ?

(अ) 50,000 रु.

(ब) 60,000 रु.

(स) 65,000 रु.

(द) 80,000 रु.

45. एक अपूर्ण ठेके का ठेका मूल्य 1,50,000 रु. है; प्रमाणित कार्य 1,20,000 रु. तथा अर्जित लाभ 45,000 रु. है और प्रमाणित कार्य का 80% नकद प्राप्त हो गया है। ऐसी स्थिति में लाभ-हानि खाते में क्रेडिट किये जाने वाला लाभ क्या होगा ?

(अ) 18,500 रु.

(ब) 21,000 रु.

(स) 24,000 रु.

(द) 39,450 रु.

46. If the current assets and current liabilities are Rs. 2,000 lakh and Rs. 1,200 lakh respectively, how much amount can be borrowed on short-term basis without reducing current ratio below 1.5 ?

(a) Rs. 400 lakh

(b) Rs. 1,000 lakh

(c) Rs. 1,200 lakh

(d) Rs. 1,400 lakh

47. Special auditor submits his report to :

(a) Shareholders

(b) Directors

(c) Central Government

(d) Court

46. अगर चालू सम्पत्तियाँ एवं चालू दायित्व क्रमशः 2,000 लाख रु. एवं 1,200 लाख रु. हैं, लघु समय के लिए कितना उधार लिया जा सकता है जिससे चालू अनुपात 1.5 से कम नहीं हो ?

(अ) 400 लाख रु.

(ब) 1,000 लाख रु.

(स) 1,200 लाख रु.

(द) 1,400 लाख रु.

47. विशेष अंकेक्षक अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करता है :

(अ) अंशधारियों को

(ब) संचालकों को

(स) केन्द्रीय सरकार को

(द) न्यायालय को

48. A shareholder can claim the amount of unpaid dividend within which period ?

(a) One month

(b) Six months

(c) Two years

(d) Seven years

49. Secret Reserve is *not* considered illegal if it is created by writing off the :

(a) Goodwill

(b) Preliminary expenses

(c) Bad debts

(d) None of the above

50. The term 2/10 net 30 is used in :

(a) Inventory management

(b) Receivables management

(c) Cash management

(d) Payable management

48. एक अंशधारी न चुकाये गये लाभांश के लिए अपना दावा किस अवधि में प्रस्तुत कर सकता है ?

(अ) एक माह की अवधि में

(ब) छह माह की अवधि में

(स) दो वर्ष की अवधि में

(द) सात वर्ष की अवधि में

49. गुप्त संचय अवैधानिक नहीं माना जाता है, यदि यह निम्न के अपलेखन से बनाया गया हो :

(अ) ख्याति

(ब) प्रारम्भिक व्यय

(स) डूबत ऋण

(द) उपर्युक्त में से कोई नहीं

50. 2/10 नेट 30 का प्रयोग किया जाता है :

(अ) स्कन्ध प्रबन्धन

(ब) देनदारों के प्रबन्धन

(स) नकद प्रबन्धन

(द) लेनदारों के प्रबन्धन

51. Annual use of an item by a refrigerator manufacturer is 1,600 units. The order placing cost is Rs. 100 and the cost of carrying one unit for an year is Rs. 8. What will be economic ordering quantity ?

(a) 100 units

(b) 150 units

(c) 200 units

(d) 300 units

52. If the price of material is showing increasing trend, then which out of the following methods of valuing stock will give the lowest gross profit ?

(a) LIFO

(b) Replacement Cost

(c) FIFO

(d) Simple Average

51. एक रेफ्रिजरेटर निर्माता द्वारा किसी वस्तु का वार्षिक उपभोग 1600 इकाइयों का है। आदेश देने की लागत 100 रु. है तथा एक वर्ष तक एक इकाई रखने की लागत 8 रु. है। मितव्ययी आदेश मात्रा क्या होगी ?

(अ) 100 इकाइयाँ

(ब) 150 इकाइयाँ

(स) 200 इकाइयाँ

(द) 300 इकाइयाँ

52. यदि सामग्री का मूल्य बढ़ता हुआ है तो निम्न में से सामग्री मूल्यांकन की कौनसी विधि से सकल लाभ सबसे कम आयेगा ?

(अ) LIFO

(ब) Replacement Cost

(स) FIFO

(द) Simple Average

53. The standard time for a job is 20 hours @ Rs. 10 per hour. The job was actually finished within 15 hours. What will be total remuneration under Halsey Bonus System ?

(a) Rs. 200

(b) Rs. 190

(c) Rs. 180

(d) Rs. 175

54. AS-3 is related to :

(a) Fund flow statement

(b) Statement of affairs

(c) Cash flow statement

(d) None of the above

55. A company can buy back of shares from :

(a) Free reserves

(b) Security premium

(c) Proceeds of shares issued

(d) All of the above

53. एक उपकार्य के लिए प्रमाप समय 10 रु. प्रति घंटे की दर से 20 घण्टे है। उपकार्य वास्तव में 15 घण्टे में ही पूरा कर लिया गया है। हॉल्से बोनस योजना के अनुसार कुल पारिश्रमिक क्या होगा ?

(अ) 200 रु.

(ब) 190 रु.

(स) 180 रु.

(द) 175 रु.

54. ए.एस-3 सम्बन्धित है :

(अ) कोष प्रवाह विवरण

(ब) व्यापार के कार्यों का विवरण

(स) नकद प्रवाह विवरण

(द) उपर्युक्त में से कोई नहीं

55. एक कम्पनी अंशों की वापसी खरीद कर सकती है :

(अ) स्वतंत्र कोषों से

(ब) प्रतिभूति प्रीमियम से

(स) अंशों के निर्गमन से प्राप्त राशि से

(द) उपर्युक्त सभी से

56. Fixed expenses is Rs. 90,000, sales is Rs. 3,00,000 and profit is Rs. 60,000. What would be the P/V Ratio ?

(a) 40%

(b) 45%

(c) 50%

(d) 60%

57. Who appoints the internal auditor ?

(a) Management

(b) Shareholders

(c) Directors

(d) Central Government

58. If standard and actual price of raw material per unit is Rs. 4 and Rs. 6 respectively and standard and actual quantity of input is 100 and 110 respectively, then what will be material price variance ?

(a) Rs. 220 (F)

(b) Rs. 200 (F)

(c) Rs. 200 (A)

(d) Rs. 220 (A)

56. स्थिर व्यय 90,000 रु., विक्रय 3,00,000 रु. तथा लाभ 60,000 रु. है। लाभ-मात्रा अनुपात क्या होगा ?

(अ) 40%

(ब) 45%

(स) 50%

(द) 60%

57. आन्तरिक अंकेक्षक की नियुक्ति कौन करता है ?

(अ) प्रबन्ध

(ब) अंशधारी

(स) निदेशक

(द) केन्द्रीय सरकार

58. यदि प्रति इकाई सामग्री का प्रमाप मूल्य एवं वास्तविक मूल्य क्रमशः 4 रु. एवं 6 रु. हो तथा सामग्री की प्रमापित एवं वास्तविक मात्रा क्रमशः 100 एवं 110 हो, तो सामग्री मूल्य विचरण क्या होगा ?

(अ) 220 रु. (एफ)

(ब) 200 रु. (एफ)

(स) 200 रु. (ए)

(द) 220 रु. (ए)

59. A hotel has 100 rooms, of which 80% are normally occupied in summers and 25% in winters. If period of summers and winters is taken as 6 months each and normal days in a month be assumed to be 30, then what will be the total occupied room days ?

(a) 17,600 room days

(b) 18,900 room days

(c) 19,800 room days

(d) 16,700 room days

60. Balance sheet audit includes verification of :

(a) All assets

(b) All liabilities

(c) Income and expenditure A/c

(d) All of the above

61. When the Indian Institute of Chartered Accountant was established ?

(a) Year 1949

(b) Year 1950

(c) Year 1951

(d) Year 1948

59. एक होटल में 100 कमरे हैं, जिनमें से सामान्यतया गर्मी में 80% तथा शीतकाल में 25% कमरे भरे रहते हैं। यदि गर्मी और सर्दी का समय 6-6 माह माना जाये तथा 1 माह में 30 दिन माने जायें तो भरे हुए कमरे दिवसों की कुल संख्या क्या होगी ?

(अ) 17,600 कमरा दिवस

(ब) 18,900 कमरा दिवस

(स) 19,800 कमरा दिवस

(द) 16,700 कमरा दिवस

60. चिट्ठा अंकेक्षण में सत्यापित किया जाता है :

(अ) समस्त सम्पत्तियाँ

(ब) समस्त दायित्व

(स) आय एवं व्यय खाता

(द) उपर्युक्त सभी

61. भारतीय चार्टर्ड एकाउण्टैंट संस्थान की स्थापना कब हुई ?

(अ) वर्ष 1949

(ब) वर्ष 1950

(स) वर्ष 1951

(द) वर्ष 1948

62. For what minimum period should audit working papers be retained by audit firm ?

(a) For the period client is in existence

(b) For a period of ten years

(c) For a period, auditor opines that it may be useful

(d) For the period the audit firm is in existence

63. The Auditor of a Government company is appointed by the C and A.G., his remuneration is fixed by :

(a) The C.A.G.

(b) The shareholders

(c) Shareholders in annual general meeting

(d) The Board of Directors

64. Debt equity ratio is a :

(a) Liquidity ratio

(b) Solvency ratio

(c) Profitability ratio

(d) Turnover ratio

62. अंकेक्षण कार्य पत्रों को कम से कम कितने समय तक अंकेक्षण फर्म के द्वारा रखा जाना चाहिए ?

(अ) ग्राहक के जीवनकाल तक

(ब) दस वर्ष तक

(स) जब तक अंकेक्षक उपयोगी समझे

(द) अंकेक्षण संस्था के जीवनकाल तक

63. C.A.G. द्वारा एक सरकारी कम्पनी में नियुक्त अंकेक्षक का पारिश्रमिक निर्धारित किया जाता है :

(अ) C.A.G. द्वारा

(ब) अंशधारियों द्वारा

(स) अंशधारियों द्वारा वार्षिक साधारण सभा में

(द) निदेशक मण्डल द्वारा

64. ऋण समता अनुपात है :

(अ) तरलता अनुपात

(ब) शोधन क्षमता अनुपात

(स) लाभदायकता अनुपात

(द) आवर्त अनुपात

65. Du Point chart is related to :

(a) Fund flow statement

(b) Ratio analysis

(c) Trend analysis

(d) Common size statement

66. The retiring auditor does not have a right to :

(a) Make written representation

(b) Get his representation circulated

(c) Be heard at the proceedings of meeting

(d) Speak as a member of the company

67. As per C and A.G. Act, 1971 the tenure of the Comptroller and Auditor General of India is :

(a) Four years

(b) Five years

(c) Six years

(d) Seven years

65. ड्यू पोन्ट चार्ट संबंधित है :

(अ) कोष प्रवाह विवरण

(ब) अनुपात विश्लेषण

(स) प्रवृत्ति विश्लेषण

(द) समानाकर विवरण

66. अवकाश प्राप्त अंकेक्षक को अधिकार नहीं है :

(अ) लिखित में विचार व्यक्त करने का

(ब) अपने विचारों को प्रचारित करने का

(स) मीटिंग की कार्यवाही सुनने का

(द) कम्पनी के सदस्य के रूप में बोलने का

67. C.A.G अधिनियम, 1971 के अनुसार भारत के नियन्त्रक एवं महालेखा परीक्षक का कार्यकाल होता है :

(अ) चार वर्ष

(ब) पाँच वर्ष

(स) छः वर्ष

(द) सात वर्ष

68. The statutory auditor of a Government company submits his report to :

(a) The Board of Directors of the company

(b) The C and A.G.

(c) The legislature

(d) The company secretary

69. The company auditor submits his report to :

(a) Shareholders of the company

(b) Board of Directors of the company

(c) Secretary of the company

(d) Management of the company

70. Time value of the money is *not* considered in the following capital budgeting technique :

(a) Average rate of return method

(b) Net present value method

(c) Discounted pay back period method

(d) Terminal value method

68. सरकारी कम्पनी का वैधानिक अंकेक्षक अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत करता है :

(अ) कम्पनी के निदेशक मण्डल को

(ब) C and A.G. को

(स) विधानमण्डल को

(द) कम्पनी सचिव को

69. कम्पनी अंकेक्षक अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत करता है :

(अ) कम्पनी के अंशधारियों को

(ब) निदेशक मण्डल को

(स) कम्पनी सचिव को

(द) कम्पनी प्रबन्ध को

70. निम्नलिखित पूँजी बजटन विधियों में कौनसी विधि में मुद्रा के समय मूल्य की उपेक्षा की जाती है ?

(अ) औसत प्रत्याय दर विधि

(ब) शुद्ध वर्तमान मूल्य विधि

(स) अपहारित अदायगी समय विधि

(द) अन्तस्थ मूल्य विधि

**Space for Rough Work**
**कच्चे कार्य के लिए स्थान**

**Space for Rough Work**
**कच्चे कार्य के लिए स्थान**

**Space for Rough Work**

**कच्चे कार्य के लिए स्थान**

SEAL